EMERALD

Dated: 27.03.2024

To
General Manager,BSE Limited,
25th Floor, P.J. Towers,
Dalal Street, Mumbai-400001

**Sub: Newspaper Advertisement-Disclosure under Regulation 47 of SEBI(Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find attached herewith copy of newspaper advertisements, published on 27.03.2024 in Financial Express (English) and in Jansatta (Hindi) with respect with respect to the Extra-ordinary General Meeting and remote e-voting information.

The aforesaid information has also been uploaded on the website of the Company a www.emeraldfin.com.

This is for your information and records.

For **Emerald Finance Limited**

AMARJEET KAUR Digitally signed by AMARJEET KAUR Date: 2024.03.27 16:05:35 +05'30'

**(Amarjeet Kaur)**
**Company Secretary cum Compliance Officer**

## खबर कोना




डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने पहली शहीद भगत सिंह क्रिकेट ट्राफी का अनावरण किया। उत्तर भारत की कुल 10 टीमों को दो पूल में बांटा गया है। इनमें प्रत्येक टीम अपने-अपने न्यूनतम चार लीग मैच खेलेगी।

### पंजाब : सड़क दुर्घटना में मां-बेटी की मौत

चंडीगढ़, 26 मार्च (ब्यूरो)।

पंजाब के जिला होशियारपुर स्थित हाजीपुर-मुकेरियां मार्ग पर गांव कामलू के समीप एक ट्रक की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार महिला और उनकी बेटी की मौत हो गई, जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को दी जानकारी में बताया कि सोमवार रात के समय घटित इस सड़क दुर्घटना तब घटी जब पीड़ित परिवार हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना स्थित डेरा बाबा बड़भाग सिंह से होली मेले में शामिल होकर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले पीड़ितों की पहचान 33 वर्षीय मुस्कान और उनकी बेटी हरमन (6) के रूप में हुई है। यह परिवार जिला गुरदासपुर के बहुपुर का रहने वाला है। पंजाब पुलिस की ओर से प्रदत जानकारी के मुताबिक, मुस्कान का पति रवि कुमार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया और उन्हें उपचार के लिए मुकेरियां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### टिकट मिलते ही चंडीगढ़ पहुंचे नवीन जिंदल

चंडीगढ़, 26 मार्च (जनसत्ता)।



लंबे अरसे तक कांग्रेस में रहने के बाद रविवार रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिंदल ने सोमवार से ही अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ा दी है। नवीन जिंदल होली की बधाई देने के बहाने मंगलवार को यहां चंडीगढ़ पहुंचे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ मुलाकात की। नवीन जिंदल दो बार कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2004 में उन्होंने इनेलो के अभय चौटाला को एक लाख, 60 हजार, 190 वोट से हराया था। वर्ष 2009 में जिंदल ने कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इनेलो के अशोक अरोड़ा को एक लाख, 18 हजार, 729 मतों से पराजित किया था। वर्ष 2014 में भाजपा प्रत्याशी राज कुमार सैनी ने नवीन जिंदल को एक लाख, 30 हजार 390 वोटों से पराजित कर दिया। इसके बाद जिंदल सक्रिय राजनीति से बाहर हो गए और अपने कारोबार पर ध्यान केंद्रित कर लिया।

# आचार संहिता के दौरान हरियाणा मंत्रिमंडल विस्तार पर विवाद

## फरीदाबाद के विधायक की शिकायत पर मुख्य सचिव को नोटिस

चंडीगढ़, 26 मार्च (जनसत्ता)।

हरियाणा में लोकसभा चुनाव : 2024 के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने के बाद हुए मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी करके जवाब मांग लिया है। यह कार्रवाई एनआइटी फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा की शिकायत पर की गई है। बीती 16 मार्च को केंद्रीय चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी किया था।

ज्ञातव्य है कि हरियाणा में नवगठित नायब सिंह सैनी सरकार ने गत 19 मार्च, 2024 को ही अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए एक कैबिनेट स्तर के जबकि सात राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाकर सरकार में शामिल किया था।

कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने केंद्र व राज्य चुनाव आयोग को भेजी शिकायत में कहा कि आदर्श आचार संहिता में नई नियुक्तियों पर पूर्ण रोक है, बावजूद इसके मंत्रिमंडल में नियुक्तियां की गई हैं। इन नियुक्तियों का असर चुनाव पर पड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हरियाणा सरकार के गजट नोटिफिकेशन में स्पष्ट लिखा है कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के परामर्श पर आठ मंत्रियों की नियुक्तियां की हैं। इसलिए इन नियुक्तियों को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाना चाहिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कांग्रेस विधायक की इस शिकायत को दर्ज कर लिया है। इसकी जानकारी केंद्रीय चुनाव आयोग भी भेज दी है। प्रदेश सरकार से भी जवाब मांगा गया है।

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को सहायक निर्वाचन अधिकारी की ओर से इस बाबत एक पत्र भेजकर इस पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया है।

# छापेमारी में पुलिस की जवाबी गोलीबारी से नशा तस्कर ढेर

चंडीगढ़, 26 मार्च (ब्यूरो)।

*घायल* सहायक उप पुलिस निरीक्षक सतनाम सिंह व मुख्य आरक्षी गुरविंदर सिंह को दसूआ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पंजाब के जिला होशियारपुर में मंगलवार को पुलिस ने एक कथित नशा तस्कर के आवास में छापेमारी की जहां पुलिस की जवाबी गोलीबारी में तस्कर मारा गया।

पंजाब पुलिस ने बताया कि घटना में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं। होशियारपुर के पुलिस अधीक्षक सर्बजीत सिंह बाहिया ने बताया कि गुप्त सूचना पर पंजाब पुलिस का दलबल 50 वर्षीय वांछित नशा तस्कर सुच्चा सिंह के आवास पर छापा मारने पहुंचा था।

उन्होंने कहा कि जब पुलिस उसके घर पहुंची तो सुच्चा ने फावड़े, कुदाल व एक अन्य धारदार हथियार से पुलिस वालों पर हमला कर दिया। बाहिया ने बताया कि जवाबी गोलीबारी में सुच्चा जख्मी हो गया, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया जा रहा था लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

इस हमले में घायल पंजाब पुलिस के सहायक उप निरीक्षक (एएसआइ) सतनाम सिंह और मुख्य आरक्षी गुरविंदर सिंह को उपचार के लिए दसूआ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक सर्बजीत सिंह बाहिया ने इस बाबत जानकारी में आगे कहा कि नशा तस्कर का शव सिविल अस्पताल में रखवा दिया गया है और मौका-ए-वारदात की गहन जांच-पड़ताल के लिए फारेंसिक जांच दल को बुलाया गया है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी व विज ने राज्यपाल के साथ मनाई होली

चंडीगढ़, 26 मार्च (जनसत्ता)।



*विज से कोई नाराजगी नही : मनोहर*
हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि उनकी पूर्व गृहमंत्री अनिल विज के साथ कोई नाराजगी नहीं है। विज के साथ उनके वर्षों पुराने संबंध हैं। होली के पर अनिल विज के अंबाला छावनी आवास पर उनके साथ मुलाकात करने पहुंचे मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, साढ़े नौ साल तक दोनों विधानसभा में एक-साथ काम किया है। इस दौरान कई तरह के उतार-चढ़ाव आए लेकिन हम इकट्ठे रहे।

हरियाणा में होली के दिन हुए कई राजनीतिक घटनाक्रमों के दौरान कई दिनों से आपस में नाराज चल रहे नेताओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गिले-शिकवे मिटाने का प्रयास किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सुबह पहले अपने आवास पर कार्यकर्ताओं तथा स्टाफ के साथ होली मनाई। इसके बाद वह पत्नी सुमन सैनी के साथ राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इसमें संसदीय कार्यमंत्री कंवर पाल के अलावा अंबाला छावनी के विधायक एवं पूर्व गृहमंत्री अनिल विज विशेष रूप से पहुंचे।

शिष्टाचार के नाते राज्यपाल ने सभी आंगतुकों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इसके बाद नायब सैनी तथा अनिल विज ने भी आपस में रंग लगाकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। अनिल विज नायब सैनी सरकार के अब तक हुए दो शपथ ग्रहण समारोहों में शामिल नहीं हुए। अनिल विज विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर उन्हें विधानसभा कमेटियों में बतौर सदस्य शामिल किए जाने की मांग भी कर चुके हैं। राजभवन में होली मिलन कार्यक्रम के बाद अनिल विज सीधे अंबाला छावनी आवास पर चले गए।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार को पंचकूला स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं तथा बाल सदन के बच्चों के साथ होली मनाई।

इसके बाद मनोहर लाल पंचकूला से सीधे अंबाला छावनी अनिल विज के आवास पर पहुंचे। यहां मनोहर लाल ने विज को गुलाल लगाया और दोनों ने गले मिलकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी।

सूत्रों की मानें तो इस मुलाकात के दौरान विज और मनोहर लाल के बीच खुलकर कोई राजनीतिक बात तो नहीं हुई लेकिन इशारों ही इशारों में होली मिलन के बहाने गलतफहमियां दूर करने का प्रयास जरूर हुआ है।

# भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद रवनीत बिट्टू

चंडीगढ़, 26 मार्च (ब्यूरो)।



पंजाब से तीन बार कांग्रेस के सांसद रहे रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले पाला बदलने के बाद बिट्टू ने दावा किया कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है।

बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। बेअंत सिंह को राज्य में आतंकवाद विरोधी अभियान का नायक माना जाता है। पद पर रहते हुए एक आतंकवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। बिट्टू लोकसभा में लुधियाना का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं की सराहना करते हुए कहा कि पंजाब के लिए उनके मन में बहुत स्नेह है और वह राज्य के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं।

बिट्टू ने कहा कि लोगों ने लोकसभा चुनाव में केंद्र में भाजपा को सत्ता में लाने का मन बना लिया है। कहा, 'हम किसानों, श्रमिकों, उद्योगों के लिए सेतु का काम करेंगे। राज्य में आतंकवाद के काले दिनों को याद करते हुए उन्होंने शांति के लिए काम करने में भाजपा और आरएसएस की भूमिका की प्रशंसा की।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि बिट्टू के शामिल होने से पार्टी मजबूत होगी। अपने सबसे पुराने सहयोगियों में से एक अकाली दल से संबंध टूटने के बाद भाजपा हाल के दशकों में पहली बार अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। हालांकि, दोनों दलों के बीच फिर से गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही थी, लेकिन बात नहीं बनी।

# भव्य बिश्नोई ने जताई नाराजगी

चंडीगढ़, 26 मार्च (जनसत्ता)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा हिसार लोकसभा क्षेत्र से हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणजीत सिंह को चुनाव मैदान में उतारने के बाद पार्टी में ही नए समीकरण बनने शुरू हो गए हैं। होली के दिन जहां सभी प्रत्याशी अपने-अपने हलकों में कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाने में व्यस्त थे, वहीं आदमपुर के विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत भजन लाल के पौत्र भव्य बिश्नोई ने ट्वीट कर रणजीत सिंह को टिकट पर आपत्ति जताई।

हिसार जिला शुरू से ही भजन लाल परिवार का क्षेत्र रहा है। हिसार के अलावा इससे सटे राजस्थान में भी बिश्नोई समुदाय का वर्चस्व है। हिसार लोकसभा सीट पर अन्य संभावितों के अलावा कुलदीप बिश्नोई को भी प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

# बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता को हटाया

चंडीगढ़, 26 मार्च (जनसत्ता)।

*यह* कार्रवाई गुरुग्राम जिला बाल कल्याण परिषद में भ्रष्टाचार के एक मामले में हुई है।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विवादों में घिरी हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता को पद से हटा दिया गया है। इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किए गए। रंजीता मेहता पर यह कार्रवाई गुरुग्राम में जिला बाल कल्याण परिषद में हुए भ्रष्टाचार के एक मामले में हुई है। रंजीता पर भ्रष्टाचार के आरोपी को बचाने का आरोप है, जिसके चलते कुछ दिनों पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी उनसे इस्तीफा मांग लिया था।

इस बीच बदले घटनाक्रम में वह पद पर बनी रहीं, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी उन्हें हटाने की सिफारिश कर दी। इसके बाद राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उनकी सेवाएं समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। राज्यपाल की ओर से मंगलवार को जारी आदेशों में कहा गया है कि रंजीता मेहता की 13 मई 2022 को हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव के रूप में की गई नियुक्ति के आदेश तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाते हैं। अगले आदेश तक महिला एवं बाल कल्याण विभाग ही राज्य बाल कल्याण परिषद के कामों को देखेगा।

सूत्रों के मुताबिक रंजीता मेहता गुरुग्राम में जिला बाल कल्याण परिषद में हुए भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपित के पक्ष में खुलकर खड़ी हुई थी। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मामले से अवगत कराया तो उन्होंने भी सख्ती दिखाते हुए राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव से न केवल जवाब तलब कर लिया, बल्कि उन्हें इस्तीफा देने की हिदायत [illegible] डाली।

# विधायक पद से रणजीत चौटाला का इस्तीफा

चंडीगढ़, 26 मार्च (जनसत्ता)।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा हिसार लोकसभा सीट से बतौर प्रत्याशी चुनावी रण में उतारे गए रणजीत सिंह चौटाला ने मंगलवार की शाम को अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। हरियाणा विधानसभा में अब सिरसा जिले की रानियां सीट भी रिक्त मानी जाएगी।

रणजीत सिंह अक्तूबर, 2019 में जिला सिरसा की रानियां विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक निर्वाचित हुए थे। रविवार रात वह भाजपा में शामिल हुए। रणजीत सिंह नवंबर, 2019 में बनी मनोहर लाल के नेतृत्व वाली भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में भी कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे। वह अब नायब सैनी सरकार में भी मंत्री हैं। राई सीट से विधायक मोहन लाल बड़ोली को सोनीपत लोस सीट से भाजपा प्रत्याशी घोषित किए जाने के संदर्भ में अधिवक्ता हेमंत कुमार का कहना है कि बड़ोली को इसके लिए विधायक [illegible] से त्यागपत्र देने की आवश्यकता नहीं।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप का विरोध-प्रदर्शन

चंडीगढ़, 26 मार्च (ब्यूरो)।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ मंगलवार को 'आप' के कार्यकर्ताओं ने अंबाला सहित हरियाणा के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया। वह कार्यकर्ता अंबाला शहर स्थित भाजपा कार्यालय के समीप इकट्ठा हुए केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

'आप' ने करनाल, रोहतक और फरीदाबाद सहित हरियाणा के अन्य हिस्सों में भी विरोध प्रदर्शन किया। इकाई के अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने बताया कि भाजपा सरकार केजरीवाल सरकार के अच्छे कामों से डरी हुई है। उन्होंने कहा, तानाशाही मोदी सरकार 'आप' को खत्म करना चाहती है लेकिन देश अरविंद केजरीवाल और 'आप' के साथ मजबूती से खड़ा है। 'आप' ने 22 मार्च को कुरुक्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं पर पुलिस द्वारा कथित तौर पर किए गए लाठीचार्ज को लेकर हरियाणा की भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। केजरीवाल पर कुछ खास लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए ही शराब नीति तैयार करने का आरोप है। केजरीवाल को दिल्ली की एक अदालत ने 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। वहीं, चंडीगढ़ के महापौर कुलदीप कुमार टीटा को दिल्ली में 'आप' पार्षदों के साथ हिरासत में लिया गया है।

एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड
रजि. कार्यालय: एससीओ 7 औद्योगिक क्षेत्र फेस 2 चंडीगढ़ 160002
सीआईएन: L65993CH1983PLC041774 टेलीफोन नंबर 0172-4005659
ई-मेल: cs@emeraldfin.com वेबसाइट: www.emeraldfin.com
असाधारण आम बैठक एवं ई-वोटिंग सूचना की सूचना

अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्राथमिकता | शिक्षा | नौवीं से 11वीं के 40 विद्यार्थियों का होगा एक खंड

# राजकीय आदर्श विद्यालयों में दाखिले एक अप्रैल से

चंडीगढ़, 26 मार्च (जनसत्ता)।

हरियाणा में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से मान्यता प्राप्त राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों और राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में आगामी एक अप्रैल से दाखिलों का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

अभिभावक संस्कृति आदर्श स्कूल में अपने बच्चों का दाखिला कराने के लिए 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से मंगलवार को इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को 137 राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों और 1,418 राजकीय आदर्श संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी किए गए निर्देशों के मुताबिक स्कूल मुखिया पहली से 20 अप्रैल तक दाखिला आवेदन स्वीकार करेंगे। आगामी 22 अप्रैल को दाखिलों का ड्रा निकाला जाएगा और 26 अप्रैल को प्रतीक्षा सूची में शामिल बच्चों को दाखिला दिया जाएगा।

इसके बाद खाली सीटों पर 27 अप्रैल को दाखिला किया जाएगा। अभिभावकों को दाखिला आवेदन के साथ जन्म प्रमाण-पत्र, रिहायश प्रमाण-पत्र- आधार कार्ड या फिर परिवार पहचान पत्र और आवेदन पत्र स्कूल में निःशुल्क मुहैया करवाया जाएगा। विद्यालय विकास निधि का उपयोग विद्यालय के विकास हेतु किया जाना है।

सीबीएसई सम्बद्धता के संदर्भ में किए जाने वाला खर्च सीएमसी की अनुमति के साथ किया जाएगा। पहलू यह भी है कि विद्यालय विकास निधि के तहत पंजीकरण अशंदान केवल एक बार ही लिया जाएगा। गत वर्षों में दाखिला प्राप्त विद्यार्थियों से किसी तरह का पंजीकरण अशंदान नहीं लिया जाएगा।

*विद्यालय प्रबंधक समिति की बैठक में होगा निर्धारण*
हरियाणा शिक्षा निदेशालय की ओर से लिखे गए पत्र में ऐसे प्रत्येक आदर्श विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं को ध्यान में रखकर ही यहां उपलबध कराई जाने वाली सीटों का निर्धारण किया जाएगा और फिर उन्हीं उपलब्ध सीटों पर ही बच्चों को दखिला भी दिया जाएगा। इसी सप्ताह एसएमसी की एक बैठक आयोजित की जानी है। प्रत्येक विद्यालय में उपलब्ध कमरों एवं अनय ढांचागत सुविधाओं को ध्यान में रखकर ही एसएमसी की बैठक में निर्णय लेकर वहां विद्यालय की पहली, छठी, नौवी और 11वीं में अंग्रेजी माध्यम सेक्शन में ही नए दाखिले दिए जाएंगे। यदि एसएमसी विद्यालय को दोहरी पारी में संचालित करने का निर्णय करती है तो उन्हें अतिरिक्त सेक्शन बनाने का अधिकार रहेगा।